स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम
आदर्श महाविद्यालय अटारी, रायपुर (छ.ग.)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

# नियमित गतिविधि

## सत्र 2024-25


प्रदीप कांत खरे
कार्यक्रम अधिकारी

डॉ. समरेन्द्र सिंह
प्राचार्य

# वृक्षारोपण - एक पेड़ मां के नाम

दिनांक 20.07.2024 को महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा नये सत्र की शुरूआत महाविद्यालय परिसर व स्टॉफ क्वॉटर परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अर्न्तगत वृक्षारोपण करके किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समरेन्द्र सिंह के साथ-साथ स्वयंसेवकों व स्टॉफ के द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये गये। इस कार्यक्रम में कुल 14 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।












# कारगिल विजय दिवस

**दिनांक 26.07.2024 को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ एवं स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय में स्थित जलाशय क्षेत्र में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसके माध्यम से देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित किया गया इस मौके पर महाविद्यालय के स्टॉफ एवं 12 रासेयो स्वयंसेवको की उपस्थिति दर्ज की गई।**












# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पे चर्चा

दिनांक 27.07.2024 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सेमेस्टर प्रणाली, क्रेडिट प्रणाली, कोर कोर्स, जनरल इलेक्टीव आदि विषयों पर चर्चा की गई जिसमें 16 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।










# एक पेड़ मां के नाम

दिनांक 05.08.2024 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर मान. श्री राजेश मूणत जी मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये गये थे। जिनके हाथों एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में वृक्षा रोपण भी किया गया साथ ही उनके द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत भी किया गया। इस मौके पर रासेयो के कुल 50 स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज की गई।















# राष्ट्रीय खेल दिवस

दिनांक 29.08.2024 को महाविद्यालय में हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद सिंह जी के जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी श्री पी.सी. चन्द्रवंशी जी द्वारा जीवन में खेल की महत्वता को बताया गया एवं जीवन में नियमित रूप से खेल खेलने एवं खेलों से जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर 52 रासेयो स्वयं सेवकों की उपस्थिति दर्ज की गई।


















# हिन्दी दिवस कार्यक्रम

दिनांक 14.09.2024 को महाविद्यालय में रासेयो द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समरेन्द्र सिंह जी के द्वारा बताया गया की हिन्दी भाषा के रूप में हम सभी के जीवन में विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्राओं हेतु हिन्दी विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में 53 रासेयो स्वयंसेवको की उपस्थिति दर्ज की गई।



















# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

दिनांक 21.09.2024 को महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में बनाये गये बैठक क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छ रखने का कार्य किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा ऑक्सीजोन उद्यान में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में भी महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित रहे जिसमें कुल 50 रासेयो स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज की गई।


















# रासेयो स्थापना दिवस

दिनांक 24.09.2024 को महाविद्यालय में रासेयो स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम प्राचार्य एवं स्वयंसेवकों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चरणों में पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया|इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य व पूर्व में राज्य एन.एस.एस. अधिकारी रहे डॉ समरेन्द्र सिंह ने अपने रासेयो जीवन के अनुभवों को स्वयंसेवकों के साथ साझा किया साथ ही रासेयो स्वयं सेवकों ने भी इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना को लेकर अपने विचार व्यक्त किये| इस कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवकों के साथ-साथ कुल 72 छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे|
















# विचार मंच कार्यक्रम

दिनांक 28.09.2024 को महाविद्यालय में रासेयो द्वारा विचार मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विचार मंच के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर उनके अनुभवों को छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया जाता है। इस कार्यक्रम में कुल 47 रासेयो स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज की गई।













# सात दिवसीय विशेष शिविर पर चर्चा

दिनांक 05.10.2024 को महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों के साथ 7 दिवसीय विशेष शिविर पर चर्चा की गई जिसमें प्रतिदिन की दिनचर्या, ग्राम सम्पर्क, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा सत्र आदि के बारे में स्वयंसेवकों को विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशित स्वयंसेवकों को 7 दिवसीय विशेष शिविर से अवगत कराना था जिसमें कुल 28 रासेयो स्वयं सेवक सम्मिलित हुए।















# संविधान दिवस

दिनांक 26.11.2024 को महाविद्यालय में रासेयो ईकाई द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अभया आर. जोगलेकर मौजूद रहीं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं हेतु संविधान विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में रासेयो स्वयं सेवकों के साथ-साथ अन्य छात्र-छात्राएँ कुल 65 की संख्या में उपस्थित रहें।


















# विचार मंच कार्यक्रम

दिनांक 30.11.2024 को रासेयो इकाई द्वारा महाविद्यालय में विचार मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समरेन्द्र सिंह, डॉ रश्मि शर्मा (सहायक प्राध्यापक भौतिकी) व डॉ जयेश करंजगांवकर (सहायक प्राध्यापक गणित) ने विभिन्न विषयों पर छात्र-छात्रों के समक्ष अपने अनुभव साझा किये। इस कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवकों के साथ-साथ अन्य छात्र-छात्राएँ कुल 61 की संख्या में उपस्थित रहें।















# राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम

दिनांक 11.01.2025 को रासेयो ईकाई द्वारा महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा बताया गया कि 'युवा वह व्यक्ति है जो अपने विचारों से युवा है' साथ ही देश के विकास में युवा शक्ति के महत्व को भी स्वयं सेवकों के समक्ष उनके द्वारा रखा गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं हेतु तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 27 रासेयो स्वयं सेवकों की उपस्थिति दर्ज की गई।


















# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दिनांक 08.03.2025 को महाविद्यालय में रासेयो इकाई द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य डॉ समरेंद्र सिंह जी के द्वारा महाविद्यालय में साफ सफाई का कार्य करने वाले महिलाओं को साल और पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 25 रासेयो स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज की गई।



















धन्यवाद!